साँची दूध विपणन परिवहनकर्ता आवंटन प्रक्रिया

साँची के दूध एवं दुग्ध उत्पाद को संयंत्र से विक्रय केन्द्रों में आसानी से पहुंचाने हेतु एमपीसीडीएफ के अधीनस्थ 06 दुग्ध संघों यथा– भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर एवं बुंदेलखंड (सागर) द्वारा निविदा के माध्यम से दूध विपणन परिवहनकर्ताओं की नियुक्ति की जाती है। इस प्रकार हितग्राहियों को साँची दूध एवं दुग्ध उत्पाद परिवहनकर्ता के रूप में भी रोजगार का अवसर प्राप्त होता है। दुग्ध संघों द्वारा समय–समय पर साँची दूध एवं दुग्ध उत्पाद परिवहनकर्ता नियुक्ति हेतु समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है। इस हेतु दुग्ध संघ में भी संपर्क कर और अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।